## दिनांक– 22.10.2020 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हुई बैठक की कार्यवाही ।

दिनांक–22.10.2020 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की समीक्षात्मक बैठक में निम्नांकित निदेश दिए गए :–

1. **हवाई सर्वेक्षण एजेंसी की समीक्षा :–** निदेश दिया गया कि विशेष सर्वेक्षण कार्य में संलग्न हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा सर्वेक्षण शिविरों को उपलब्ध कराए जाने वाले संसाधनों कर्मियों एवं अन्य सेवाओं की आपूर्ति की नियमित समीक्षा की जाए। साथ ही समीक्षा हेतु प्रपत्र तैयार कर एजेंसियों को उपलब्ध कराया जाए एवं प्रत्येक सप्ताह एजेंसियों के साथ बैठक की जाए।

   **अनुपालनः–** निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

2. **प्रपत्रों की छपाई :–** निदेश दिया गया कि विशेष सर्वेक्षण कार्य के लिए आवश्यक प्रपत्रों की छपाई के संबंध में वित्त विभाग से अनापत्ति प्राप्त कर संबंधित जिलों को निर्वाचन की दर से प्रपत्रों की छपाई करने का निदेश दिया जाए।

   **अनुपालनः–**सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

3. **बजट का प्रावधान :–** निदेश दिया गया कि विशेष सर्वेक्षण के संबंध में जिलों में होने वाले भिन्न–भिन्न प्रकार के व्यय के लिए मदवार योजना एवं गैरयोजना का बजट तैयार कर वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए प्रस्ताव अविलंब विभाग को भेजी जाए। साथ ही डी0एल0आर0एम0पी0 को फोकस एरिया में रखते हुए भी बजट तैयार किया जाए।

   **अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

4. **सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0) को वित्तीय शक्ति देने के संबंध में :–** निदेश दिया गया कि जिलों में पदस्थापित सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0) को वित्तीय शक्ति प्रदान करने के संबंध में वित्त विभाग से अनुमोदन प्राप्त कर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

   **अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

5. **जिला बंदोबस्त कार्यालयों में वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में :–** निदेश दिया गया कि जिला बंदोबस्त कार्यालय कों सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0) एवं अन्य सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए।

   **अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

6. **विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में लगाए जाने वाले पिलरों के निर्माण में होने वाले व्यय :–** निदेश दिया गया कि पिलरों के निर्माण के संबंध में विधि विभाग से प्राप्त परामर्श के आलोक में निभागीय स्तर पर कमिटी का गठन कर यथा शीघ्र आवश्यक निर्णय लिया जाए।

   **अनुपालनः–** सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

7. **MARBLE के संबंध में :–** निदेश दिया गया कि निदेशालय स्तर पर Map and Reocrd Base Entitlement से संबंधित बनाए गए प्रतिवेदन को आगामी समीक्षात्मक बैठक में सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं राजस्व के जानकार यथा श्री विनोद झा एवं श्री राधामोहन प्रसाद के समक्ष पी0पी0टी0 का प्रदर्शन किया जाए। साथ ही इस संबंध में क्षेत्रीय स्तर की विशेष समस्याओं को भी सम्मिलित करने हेतु संबंधित अंचलों के अंचलाधिकारियों के साथ विशेष MARBLE भी तैयार किया जाए।

   **अनुपालनः–**प्रभारी पदाधिकारी, तकनीकी कोषांग।

8. **Modern Record Room** :– निदेश दिया गया कि आधुनिक अभिलेखागार भवन की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति को प्राप्त करने के लिए प्रपत्र निर्धारित कर संबंधित जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त किया जाए।

**अनुपालनः**– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

9. **प्रपत्र–6 (खेसरा पंजी) में भरी जाने वाली प्रविष्टियों के संबंध में** :– :– निदेश दिया गया कि प्रपत्र–6 में भरी जानेवाली प्रविष्टियों के इन्द्राज के लिए निदेशालय स्तर से निर्धारित की गई सूची पर जिलों से सुझाव प्राप्त करने के पश्चात उन्हें अन्तिम रूप से तैयार कर जिलों को उपलब्ध कराया जाए।

**अनुपालनः**–प्रभारी पदाधिकारी, तकनीकी कोषांग।

10. **प्लॉट के यूनिक आई0डी0 के संबंध में** :– भू– नक्शा सॉफ्टवेयर हेतु यूनिक आई0डी0 के निर्धारण एवं भूमि के उपयोग आदि के आधार पर संकेत चिन्ह तैयार करने हेतु निदेशित किया गया। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा बताया गया कि दिनांक–28.05.2020 को अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में यूनिक आई0डी0 पर निर्णय के पश्चात संकेत चिन्ह पर निर्णय लेने के लिए निदेश दिया गया था। इस आलोक में भारत सरकार के सर्वेक्षण विभाग से संपर्क किया गया है तथा संकेत चिन्हों पर निर्णय हेतु पुनः वरीय पदाधिकारियों एवं विशेषज्ञों की बैठक बुलाई जा रही है।

**अनुपालनः**–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप।

11. **प्लॉटर मशीन एवं नक्शा बिक्री का साप्ताहिक प्रतिवेदन** :– निदेश दिया गया कि प्लॉटर मशीन एवं नक्शा बिक्री के साप्ताहिक प्रतिवेदन के साथ उपनिदेशक, बिहार सर्वेक्षण कर्यालय, गुलजारबाग बैठक में निश्चित रूप से भाग लें।

**अनुपालनः**–उपनिदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना।

12. **भाड़े पर आवश्यकतानुसार बंदोबस्त कार्यालय के भवन के संबंध में** :– निदेश दिया गया कि कई जिलों में बंदोबस्त कार्यालय हेतु भवन उपलब्ध नहीं है। अतः भवन उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उन जिलों के समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारियों को निदेश दिया जाए कि वे जिला बंदोबस्त कार्यालय के लिए अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्धारित दर पर भवन भाड़े पर लेने की कार्रवाई करेंगे। निदेशालय स्तर से उक्त भवन के कमरे एवं हॉल का साईज निर्धारित कर जिलों को संसूचित किया जाएगा।

**अनुपालनः**–सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप।

13. **विशेष सर्वेक्षण के क्षेत्रीय कर्मियों के वाहन हेतु इंधन के लिए राशि उपलब्ध कराने के संबंध में** :– निदेश दिया गया कि विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी एवं विशेष सर्वेक्षण कानूनगों को क्षेत्रीय भ्रमण हेतु उनके वाहन के लिए इंधन की आवश्यकता का आकलन कर उसके समतूल्य राशि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाए।

**अनुपालनः**–सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप।

14. **एम0आई0एस0 के आधार पर प्रगति की समीक्षा के संबंध में** :– निदेश दिया गया कि अक्टूबर माह के अंत एम0आई0एस0 के प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर 40 प्रतिशत से कम उपलब्धि वाले कर्मियों को 15.11.2020 तक 40 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि सुनिश्चित करने का निदेश दिया जाए अन्यथा और यह भी संसूचित किया जाए कि यदि 40 प्रतिशत से अधिक कार्य उपलब्धि नहीं कर पाते हैं तो उन्हें सेवा मुक्त करने की कार्रवई की जाएगी।

**अनुपालनः**–आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप।

15. **विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के सैद्धांतिक और व्यवहारिक ज्ञान की नियमित जॉच परीक्षा के संबंध में :–**
निदेश दिया गया कि विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान की जॉच के लिए नियमित अंतराल पर परीक्षा ली जाए।

**अनुपालनः**–प्रभारी पदाधिकारी, तकनीकी कोषांग।

**सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

27/10/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 11088 **पटना, दिनांक** :– 27-10-2020

**प्रतिलिपिः**– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0, आई0एल0 एण्ड एफ0एस0, जी0आई0एस0 कंसोटियम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/10/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 11088 **पटना, दिनांक** :– 27-10-2020

**प्रतिलिपिः**– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/10/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 11088 **पटना, दिनांक** :– 27-10-2020

**प्रतिलिपिः**– प्रशाखा पदाधिकारी (स्थापना), भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27/10/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 11088 **पटना, दिनांक** :– 27-10-2020

**प्रतिलिपिः**– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/उपनिदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना /तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/10/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 11088 **पटना, दिनांक** :– 27-10-2020

**प्रतिलिपिः**– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जिलों के लिए प्राधिकृत सभी वरीय नोडल पदाधिकारी/निदेशालय के स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/10/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण–भ्रमण– 134/2017 11088 **पटना, दिनांक** :– 27-10-2020

**प्रतिलिपिः**– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

27/10/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप